web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 09 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 312

महत्वपूर्ण एवं खास

तिरुपति जा रही कार की ट्रक से जबरदस्त टक्कर, 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत

अमरावती (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में सोमवार तडक़े एक सडक़ दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। प्रकाशम जिले में कुंबम के पास एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा अमरावती-अनंतपुर हाईवे पर हुआ। तीन महिलाओं समेत मृतक माचेरला से तिरुपति जा रहे थे। मृतकों की पहचान अनिमी रेड्डी (60), गुरवम्मा (60), अनंतम्मा (55), आदिलक्ष्मी (58) और नागी रेड्डी (24) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। मृतक पलनाडु जिले के वेलदुरती मंडल के सिरिगिरीपाडु गांव का रहने वाला था। पुलिस को अंदेशा है कि ओवरस्पीडिंग के कारण टक्कर हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

पति-पत्नी की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या, नाबालिग बेटी को भी उठाकर ले गए

जमशेदपुर (आरएनएस)। झारखंड के जमशेदपुर में मंडल बस्ती में रविवार की देर रात एक दंपत्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। आरोपी पति पत्नी की हत्या कर 15 साल की बेटी नीलम कुमारी उर्फ खुशबू को उठाकर ले गए है। मृतक का नाम भूपेंद्र कौरी और सविता कौरी है। भूपेंद्र डेढ़ साल पहले अपने पूरे परिवार के साथ रहने के लिए मंडल बस्ती में आए थे, उनके तीन बच्चे हैं जिनमें दो बेटा बिहार के पटना स्थित फुलवारी शरीफ में अपनी नानी के पास रहते हैं। भूपेंद्र दिहाड़ी मजदूर थे। घटना का खुलासा सोमवार की सुबह तब हुआ जब बस्ती के लोग जागे और मकान का दरवाजा खुला देखा। बाहर से ही लोगों को दिख रहा था कि जमीन पर पति-पत्नी का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद घटना की जानकारी लोगों ने टेल्को थाने में जाकर दी। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है।

कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को तीन साल की हुई सजा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को महाराष्ट्र में लोहारा कोल ब्लाक आवंटन में अनियमितता बरते जाने के मामले मामले में तीन साल की सजा देने के साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना किया है। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के बाद गुप्ता को तीन साल जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साजिश और धोखाधड़ी के मामले में दोषी कंपनी ग्रेस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जीआईएल) के निदेशक मुकेश गुप्ता को चार साल की सजा और दो लाख रुपये के जुर्माना किया है। वहीं कोयला मंत्रालय में पूर्व संयुक्त सचिव केएस क्रोफा को दो साल की कैद और 50,000 रुपये का जुर्माना किया गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने आरोपपत्र में कहा था कि 2005 और 2011 के बीच आरोपी व्यक्तियों ने एक आपराधिक साजिश रची और मंत्रालय को जीआईएल के पक्ष में 'लोहारा ईस्ट कोल ब्लॉक' आवंटित करने के लिए प्रेरित किया।

चीन में बढ़ेगा तापमान, ऑरेंज अलर्ट जारी

बीजिंग। चीन में कई क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जो दूसरा सबसे बड़ा अलर्ट है। सिचुआन, चोंगकिंग, शानक्सी, शेडोंग, हेनान, अनहुई, जिआंगसु, शंघाई, हुबेई, गुइझोउ, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फुजिय़ान, गुआंग्शी, ग्वांगडोंग और शिनजियांग के कुछ हिस्सों में 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा, शानक्सी, हुबेई और चोंगकिंग के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से अधिक हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को उच्च तापमान की अवधि के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचने की सलाह दी है। चीन में चार-स्तरीय कलर-कोडिड मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें रेड सबसे गंभीर चेतावनी का प्रतिनिधित्व करता है। इसके बाद ऑरेंज, येलो और ब्लू होता है।

भारतीय जलक्षेत्र में घुसा पाक नौसेना का युद्धपोत, इंडियन कोस्ट गार्ड के डोर्नियर विमान को देख उल्टे पांव भागा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय तटरक्षक बल के डोर्नियर समुद्री निगरानी विमान ने पाकिस्तानी नौसेना के एक युद्धपोत का पता लगाया और उसे पीछे हटने के लिए मजबूर किया। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी युद्धपोत गुजरात के तट से समुद्री सीमा रेखा को पार कर भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर रहा था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई जुलाई के पहले पखवाड़े में मानसून के चरम पर होने के समय हुई। इस समय समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही थीं। इसी दौरान पाकिस्तान नौसेना का जहाज (पीएनएस) आलमगीर अपनी तरफ से दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा रेखा के पार भारतीय जल में चला गया था। भारतीय जल सीमा में प्रवेश करने के बाद, इसका पता सबसे पहले एक भारतीय तटरक्षक डोर्नियर विमान ने लगाया। डॉर्नियर आसपास के एक हवाई अड्डे से समुद्री निगरानी के लिए रवाना हुआ था। भारतीय एजेंसियां समुद्री सीमा कानूनों को लेकर बहुत सख्त हैं। यहां भारतीय एजेंसियां अपने मछुआरों को अपनी तरफ से पांच समुद्री मील के भीतर किसी भी तरह की गतिविधियों की अनुमति नहीं देती हैं।

पाकिस्तानी युद्धपोत का पता लगाने के बाद, डोर्नियर ने अपने कमांड सेंटर को भारतीय जलक्षेत्र में अपनी मौजूदगी के बारे में सूचित किया और उस पर नजर रखना जारी रखा। सूत्रों के अनुसार, डोर्नियर ने पाकिस्तानी युद्धपोत को उसके स्थान के बारे में चेतावनी जारी की और उसे अपने क्षेत्र में लौटने के लिए कहा, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने आगे कहा कि डोर्नियर पीएनएस आलमगीर के ऊपर मंडराता रहा। यहां तक कि उसकी मंशा जानने के लिए उसे अपने रेडियो संचार सेट पर कॉल करने की कोशिश भी की लेकिन पाकिस्तानी कप्तान ने पूरी तरह चुप्पी

बनाए रखने का फैसला किया और कोई जवाब नहीं दिया।

भारतीय तटरक्षक बल और भारतीय वायु सेना गुजरात तट पर किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिए बहुत सक्रिय है। इस इलाके में हाल के दिनों में पाकिस्तानी गतिविधियां विशेष रूप से नार्को-आतंकवाद में बढ़ी हैं। भारतीय तटरक्षक बल ने हाल ही में द्वारका के पास निर्जन द्वीपों और किसी भी संभावित राष्ट्र-विरोधी तत्वों के अन्य तटीय स्थानों को साफ करने के लिए ऑपरेशन आइलैंड वॉच भी चलाया था। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक वी.एस. पठानिया ने भी हाल ही में पोरबंदर क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने वहां अपनी संरचनाओं की तैयारियों की समीक्षा की थी। तटरक्षक बल के होवरक्राफ्ट भी क्षेत्र में तैनात हैं। जल सीमा में मुस्तैदी से निगरानी होती है।

सेना डिजाइन ब्यूरो ने ड्रोन विकसित करने के लिए डीएफआई के साथ किया समझौता

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना डिजाइन ब्यूरो (एडीबी) ने सोमवार को भारतीय ड्रोन महासंघ (डीएफआई) के साथ एक सहमति पत्र पर दस्तखत किए, जिसके तहत भारतीय सैनिकों के लिए उच्च क्षमता वाले ड्रोन विकसित किए जाएंगे। डीएफआई एक उद्योग निकाय है, जिसमें एस्टेरिया एयरोस्पेस, क्विडिच इनोवेशन लैब्स, ऑटोमाइक्रो यूएएस, आरव अनमैन्ड सिस्टम्स और इंड्रोन्स इसके सदस्य हैं। एक बयान के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत डीएफआई और एडीबी 'इंडियन आर्मीज हिम-ड्रोन-ए-थॉन नामक एक कार्यक्रम शुरू करेंगे। भारतीय सेना के संचालन को समर्थन देने के लिए ड्रोन-आधारित समाधानों के विकास के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। बयान में आगे कहा गया, एडीबी चयनित प्रतिभागियों को परामर्श देगा और क्षेत्र का दौरा कराएगा, ताकि भारतीय उद्योग को जमीनी स्तर पर परिचालन स्थितियों के बारे में पता चल सके। सहमति पत्र (एमओयू) के तहत डीएफआई और एडीबी मसौदा योजना, अनुसंधान, परीक्षण, विनिर्माण और संबंधित प्रौद्योगिकियों पर सहयोग करेंगे, जिनका उपयोग भारतीय सेना कर सकती है। डीएफआई के अध्यक्ष स्मित शाह ने कहा कि यह सहयोग ड्रोन उपयोग के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देगा।

महाराष्ट्र में नूपुर का समर्थन करने वाले युवक पर हमला मामले में अब तक 14 लोग गिरफ्तार

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र में अहमदनगर पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्व नेता नूपुर शर्मा का सोशल मीडिया पर समर्थन करने वाले एक युवक पर हमला करने के मामले में आज और आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अब तक इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अहमदाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज पाटिल ने यूनीवार्ता को फोन पर आठ और आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने युवक की पिटाई कर फरार हुए मामले में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सोहेल शौकत पठान (28), अरबाज कसम पठान (25), शाहरुख आरिफ पठान (28), इला महबूब शेख (20), टीपू सरीम पठान (18), साहिल शौकत पठान (23) , हर्षद शरीफ पठान (20), निहाल इब्राहिम पठान (20) आकिब कुदरत सैयद (24), जुनैद जावेद पठान (19), हुसैन कसम शेख (40), अरबाज अजीत शेख (24) के रुप में हुई है और दो नाबालिगों को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले कर्जत के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि दो दिन पहले इन लोगों ने एक युवक सनी पवार को बुरी तरह पीटा था। पुलिस ने इस मामले में कल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल एक चार पहिया वाहन बरामद किया है। आरोपियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय श्रीगोंडा के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि कर्जत संभाग के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अन्नासाहेब जाधव के मार्गदर्शन में कर्जत थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर यादव, सहायक पुलिस निरीक्षक सतीश गावित, पुलिस उप निरीक्षक अमरजीत मोरे, भगवान ने आज बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किया और कल उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की जायेगी।

देश में मिले कोरोना के 16167 नए संक्रमित, 41 लोगों की मौत

❐ सक्रिय मामलों में इजाफा

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत में बीते दिन कोरोना वायरस से संक्रमण के 16,167 नए मामले सामने आए और 41 लोगों की मौत हुई। इसी के साथ देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,41,61,899 हो गई है। इनमें से 5,26,730 मरीजों की मौत हुई है। सक्रिय मामलों की संख्या बढक़र 1,35,510 हो गई है। देश में पिछले कई हफ्तों से मामले 15,000 से 20,000 के बीच स्थिर बने हुए हैं, हालांकि कई राज्यों में पॉजिटिविटी रेट बढ़ रही है।

कोरोना वायरस के संक्रमण को हराकर ठीक होने वालों की बात करें तो पिछले 24 घंटे में देशभर में 15,549 मरीज ठीक हुए। इसी के साथ महामारी को हराकर ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या 4,34,99,659 हो गई है। देश की रिकवरी रेट 98.50 प्रतिशत है। कोरोना टेस्ट की बात करें तो पिछले 24 घंटे में देशभर में 2,63,419 टेस्ट किए गए हैं। अब तक देश में लगभग 87.82 करोड़ कोरोना टेस्ट किए जा चुके हैं।

सबसे अधिक प्रभावित राज्यों पर नजर डालें तो महाराष्ट्र में अब तक 80,59,732 लोगों को संक्रमित पाया जा चुका है और 1,48,139 लोगों की मौत हुई है। दूसरे सर्वाधिक प्रभावित राज्य केरल में शनिवार तक 67,29,855 लोगों को संक्रमित पाया जा चुका था और 70,576 मरीजों की मौत हुई है। 40,20,087 मामलों और 40,118 मौतों के साथ कर्नाटक और 35,52,698 मामलों और 38,033 मौतों के साथ तमिलनाडु अगले दो सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

सबसे अधिक प्रभावित राज्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में ही नए मामले भी सबसे अधिक आ रहे हैं। महाराष्ट्र में दैनिक मामले स्थिर बने हुए हैं और बीते दिन यहां 1,812 नए मामले सामने आए। इसी तरह तमिलनाडु में बीते दिन 1,057 नए मामले पकड़ में आए, वहीं केरल में शनिवार को 1,158 नए लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया। कर्नाटक में बीते दिन 1,837 नए मामले सामने आए।

वैक्सीनेशन अभियान की बात करें तो देश में अब तक वैक्सीन की 2,06,56,54,741 खुराकें लगाई जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते दिन 34,75,330 खुराकें लगाई गईं। देश में 12 साल से अधिक उम्र के बच्चों और वयस्कों को वैक्सीन लगाई जा रही है।

जेई मेन्स के दूसरे सत्र का रिजल्ट घोषित, 24 छात्रों ने हासिल किए 100 फीसदी अंक

नई दिल्ली (आरएनएस)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार 8 अगस्त को जेईई (मेंस) के दूसरे सत्र का रिजल्ट भी घोषित कर दिया। जेईई (मेंस) के दूसरे सत्र में 24 छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इससे पहले पिछले महीने जारी किए गए जेईई (मेंस) के पहले सत्र में कुल 14 छात्रों ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जेईई (मेंस) के पहले और दूसरे सत्र में कुल मिलाकर 9 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे। भारत के अलावा जिन अन्य देशों या विदेशी शहरों में यह परीक्षाएं आयोजित की गई थी उनमें दोहा, दुबई, काठमांडू, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, कुवैत, लागोस, कोलंबो, जकार्ता, वियना, मॉस्को, व बैंकॉक प्रमुख हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) अब जेईई (मेंस)- 2022 परीक्षा के दोनों सत्रों के रिजल्ट के आधार पर अभ्यर्थियों की रैंक बनाएगी। इन परीक्षाओं में करीब 10 छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने पहले सत्र में 100 फीसदी अंक हासिल किए बावजूद इसके इन छात्रों ने दूसरे सत्र की भी परीक्षा दी और दूसरे सत्र की परीक्षाओं में भी इन छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

गौरतलब है कि जेईई मेंस में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र जेईई एडवांस की परीक्षा दे सकेंगे। जेईई एडवांस में अच्छी रैंक हासिल करने वाले छात्रों को देशभर के आईआईटी संस्थानों समेत देश के विख्यात इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला मिलेगा।

जेईई (मेंस) के दूसरे सत्र में जिन 24 छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उनमें महाराष्ट्र से सरनाईक मोहन सकाला, राजस्थान से नव्या, मयंक मोटवानी, कृष्णा शर्मा और पार्थ भारद्वाज, हरियाणा से सार्थक माहेश्वरी, असम से स्नेहा पारीक, बिहार से अरुदीप कुमार, पंजाब से मृणाल गर्ग, आंध्र प्रदेश से कोय्याना सुहास, रवि किशोर, मेंदा हिमा वामसी, पल्ली जलजकशि और कार्तिकेय, तेलंगाना से रूपेश बियानी, धीरज, जस्ती यशवंत, शिवा नागा वैंकटा आदित्य, अनिकेत चट्टोपाध्याय, केरल से थॉमस बीजू, कर्नाटक से बोया हरेन साथविक, झारखंड से कुशाग्र श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश से कनिष्क शर्मा और सुमित्रा गर्ग शामिल हैं।

इनमें से कई छात्रों ने जेईई मेंस के पहले सत्र में भी सत्र में भी 100 फीसदी अंक हासिल किए थे। इनमें सार्थक माहेश्वरी, अनिकेत चट्टोपाध्याय, धीरज, कोय्यन्ना सुहास, कुशाग्र श्रीवास्तव, मृणाल गर्ग, स्नेहा पारीक, राजस्थान से नव्या शामिल है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) डॉ. साधना पाराशर के मुताबिक परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षार्थियों द्वारा सत्यापन के लिए उत्तर कुंजी के साथ प्रश्नपत्र और दर्ज प्रतिक्रियाओं को वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया था। विषय विशेषज्ञों द्वारा सत्यापित करने के बाद संशोधित उत्तर कुंजी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी।

एनटीए परिसर में एक कंट्रोल रूम खोला गया था, जहां भारत के सभी परीक्षा केंद्रों के लाइव कवरेज के निरीक्षण के लिए आभासी पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया था। परीक्षा में कदाचार को रोकने के लिए सीसीटीवी से लाइव निगरानी की गई। एनटीए ने दूरस्थ स्थान को लाइव देखने और एनटीए स्थित नियंत्रण कक्ष सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी सिस्टम की रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी की है। प्रति पाली में लगभग 35000 कैमरे लगाए गए थे।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने रिजल्ट जारी करने के साथ ही बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा मोबाईल नेटवर्क का उपयोग कर मोबाईल या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के माध्यम से किए जाने वाले नकल जैसे कदाचार को रोकने के लिए सभी केंद्रों पर जैमर लगाए गए थे। सभी 14 पालियों की प्रति पाली में कुल लगभग 29000 जैमर लगाए गए थे। परीक्षाएं कोविड-19 संबंधी सावधानियों के साथ आयोजित की गई।

ओखला के समीप नदी में अचानक आई बाढ़, पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों की 14 कारें बहीं

0 50 लोगों ने ऊंचे स्थानों की ओर भागकर बचाई जान

खरगोन(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में बारिश के बाद एक नदी में अचानक बाढ़ आने के कारण कम से कम 14 कार बह गईं, जबकि लगभग 50 लोगों ने ऊंचे स्थानों की ओर भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना में हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को बलवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत काटकूट के जंगल में सुकड़ी नदी के पास उस वक्त हुई, जब इंदौर जिले से आए लोगों का समूह वहां पिकनिक मना रहा था। उन्होंने बताया कि समूह में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। पवार ने बताया कि ग्राम ओखला और आकया के समीप जंगलों में बारिश के चलते यह बाढ़ आई और नदी के किनारे खड़ी की गई 14 कार पानी में बह गईं। उन्होंने बताया कि जब लोग पिकनिक मनाने आए थे तब नदी में पानी कम था और कुछ लोग नदी के आसपास कार चला भी रहे थे। पवार ने कहा कि पिकनिक मना रहे इंदौर जिले के करीब 50 बच्चे, औरतें और युवक समय रहते ऊंचे स्थानों पर आ गए जिसके चलते उनकी जान बच गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे बलवाड़ा के नगर निरीक्षक सीताराम चौहान ने ओखला और आकया के ग्रामीणों को बुलवाया तथा ट्रैक्टरों की सहायता से 10 कारों को नदी से निकलवाया। उन्होंने बताया कि तीन कारें नदी में आगे बह गई हैं, जबकि एक कार पुल के पास अटकी हुई है।

खाटूश्याम मंदिर के बाहर भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत, 4 अन्य घायल

सीकर (राजस्थान) आरएनएस)। राजस्थान के सीकर जिले में सोमवार को तडक़े खाटूश्याम मंदिर के बाहर भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों की मौत पर दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, पवित्र दिन माने जाने वाले 'ग्यारस के मौके पर खाटू श्याम मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। मंदिर रात को बंद था और दर्शनार्थियों ने कतारें लगानी शुरू कर दी ताकि मंदिर के खुलते ही वे लोग दर्शन कर सकें। सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया, 'हादसा तडक़े साढ़े 4 बजे उस समय हुआ जब मंदिर खुला। मंदिर के बाहर लंबी कतारें थीं और द्वार खुलते ही श्रद्धालुओं में आगे जाने की होड़ मच गई। इसी दौरान एक कतार में खड़ी 63 वर्षीय महिला नीचे गिर पड़ी। उन्हें दिल की बीमारी थी। उनके पीछे खड़ी दो और महिलाएं भी गिर पड़ीं। भगदड़ में उनकी मौत हो गयी। राष्ट्रदीप ने बताया कि हादसा मंदिर के प्रवेश द्वार से कुछ मीटर की दूरी पर हुआ। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के बारे में और जानकारी जुटायी जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, राजस्थान के सीकर में खाटू श्यामजी मंदिर परिसर में मची भगदड़ में लोगों की मौत से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। जो लोग घायल हुए हैं, उनके जल्द से जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिलाओं की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

रक्षाबंधन से पहले बहनों की खौफनाक करतूत, अपने ही सगे भाई को सुपारी देकर उतार दिया मौत के घाट

कलबुर्गी (आरएनएस)। रक्षाबंधन से ठीक पहले एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, दो बहनों ने अपने ही सगे भाई की हत्या करवा दी। पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार किया है। मामला कर्नाटक के कलबुर्गी का है। यहां भाई की हत्या के मामले में उसकी दो सगी बहनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों बहनों के अपने भाई के साथ मतभेद थे। इसी वजह से दोनों ने मिलकर जुलाई के अंत में अपने भाई की हत्या के लिए चार हत्यारों को सुपारी दी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, बहनों ने पुलिस को बताया कि उनका भाई कथित तौर पर बहुत सख्त मिजाज का था। वह दोनों के निजी जिंदगी में बार-बार दखल देता था। इसी वजह से दोनों बहनों की शादी तक टूट गई थी। इससे नाराज बहनों ने भाई को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कराई। पुलिस ने दोनों बहनों और 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 29 वर्षीय नागराज मातामारी कलबुर्गी के गाजीपुर के रहने वाले थे। 29 जुलाई को उनका शव अलंद रोड पर भोसागा क्रॉसिंग में मिला था। पहचान छिपाने के लिए सिर को किसी बड़े पत्थर से कुचल दिया गया था। जांच के बाद पुलिस ने उनकी बहनों अनीता और मीनाक्षी को गिरफ्तार किया। अनीता-मीनाक्षी के बयान के आधार पर सुपारी किलर्स अविनाश, आसिफ, रोहित और मोहसिन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों बहनें कई साल पहले अपने-अपने पतियों से अलग हो गई थीं। इसके बाद वो कलबुर्गी कस्बे में भाई नागराज और मां के साथ रह रही थीं। इससे नागराज कथित तौर पर गुस्से में थे। नागराज को शक था कि उनकी बहनें पति से अलग होने के बाद कथित तौर पर दूसरों के साथ रिलेशन में हैं। उन्होंने कई बार अपनी बहनों से अपने पार्टनर से शादी करने या घर छोडऩे को कहा था। इसी को लेकर भाई-बहनों के बीच अनबन चल रही थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि बहनों को अपने भाई की बार-बार रोक-टोक और निजी जीवन के बारे में सलाह देना पसंद नहीं था। इसलिए बहनों ने कथित तौर पर भाई को रास्ते से हटाने की साजिश रची। इसके लिए सुपारी हत्यारों की मदद लेकर उसे मौत के घाट उतार देयिा।